## खबर संक्षेप

### पतंजलि योग पीठ का स्थापना दिवस 5 को

**रादौर।** पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट शाखा रादौर के कार्यकर्ताओं की ओर से 5 जनवरी को कस्बा में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का 29वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान हवन यज्ञ कर सभी के स्वस्थ जीवन व सुख शांति की कामना की जायेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करके व वंदे मातरम गाकर किया जाएगा।



### घर से जेवर व नगदी चोरी की

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप के भगत नगर निवासी कलावती के कमरे से उनके ही मकान में किराए पर रह रहे अखिलेश निवासी गांव जुलालपुर जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश के पुत्रों सत्यम व शिवम चोरी कर ली। वारदात के समय कलावती अपने कमरे की अलमारी को ताला लगाकर गांव गई हुई थी।

### अभिनेता रंगीला को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** रंगमंच कला संगम के सरपरस्त सूरजभान रंगीला को को आज श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बुल्ले शाह, बलजीत सिंह, सुनील वर्मा, गगन सेठी, लेखक रमेश पुहाल, रंगमंच कला संगम के चेयरमैन कृष्ण लाल मोंगा, आदि शामिल रहे।

### कन्या के विवाह में मदद दी

**पानीपत।** यूथ वीरांगनाएं संस्था से संस्था की जिलाध्यक्ष बृजबाला, ज्योति सैनी, कविता मलिक, उपासना,बिमला, मीनू ढींगरा, अनिता बंसल व कौशल्या आदि द्वारा साई कालोनी निवासी जरूरतमंदों की लडकी की शादी में सर्दी के कपड़े, रजाई, दुल्हन के लिए सूट, साड़ी, पैंट, शर्ट, ज्वेलरी, बर्तन, शॉल व शादी में काम आने वाला सामान भेंट किया।

# नव वर्ष-2024 से जिलावासियों को ढेरों उम्मीदें

## 997 करोड़ रुपये की लागत से जिले में पीजीआई की तर्ज पर बन रहे मेडिकल कॉलेज की मिल सकती है सौगात

**खास बातें**

- 1200 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा कैल से वाया छछरौली व ताजेवाला से होता हुआ पांवटा साहिब नेशनल हाईवे के शुरु होने की भी है उम्मीद
- उत्तर प्रदेश व हरियाणा को जोड़ने वाले यमुनानदी के नगली घाट पर बने ओवरब्रिज समेत करोड़ों की अन्य परियोजनाओं के मिलने की भी जगी उम्मीद





**यमुनानगर।** यमुना नदी के नगली घाट पर यूपी व हरियाणा को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे एक किलोमीटर लंबे पुल पर चल रहा निर्माण कार्य व यमुनानगर से कैल से वाया ताजेवाला से पांवटा साहिब मार्ग पर चल रहा निर्माण कार्य। फोटो :हरिभूमि

### कैल वाया ताजेवाला से पांवटा साहिब नेशनल हाईवे की मिल सकती है सौगात

*जिले के कैल से छछरौली से वाया ताजेवाला होता हुआ पांवटा साहिब नेशनल हाईवे पर युद्धस्तर पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस मार्ग पर 1200 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की संभावना व्यक्त की गई है। इन नेशनल हाईवे के बनने से हिमाचल, उत्तर प्रदेश व हरियाणा समेत अन्य राज्यों का सफर आसान होगा और क्षेत्र में रोजगार की संभावना बढ़ेंगी।*

भगवान सिंह राणा ▸▸| यमुनानगर

नई उम्मीदों, नई खुशियों और नई संभावनाओं को लेकर वर्ष 2024 का इंतजार कर रहे जिलेवासियों को नए वर्ष में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं कि नए वर्ष में जिले में वर्षों से पीजीआई की तर्ज पर बनाए जा रहे श्रीगुर तेग बहादुर सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ किए जाने, यूपी व हरियाणा को जोड़ने वाला यमुनानदी के नगली घाट पर बन रहे ओवरब्रिज का शुभारंभ होने समेत कई अन्य करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की जा रही परियोजनाएं के मिलने की उम्मीद जगी है। जिसे लेकर जिलेवासी नए वर्ष को लेकर काफी खुश नजर आ रहे हैं।

### 997 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा मेडिकल कॉलेज

हरियाणा सरकार द्वारा जिले के गांव पांजूपुर में 20 एकड़ भूमि पर 997 करोड़ रुपये की लागत से पीजीआई की तर्ज पर श्री गुरु तेग बहादुर सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरु किया जा चुका है। जिसे वर्ष 2024 में जनता को समर्पित किए जाने की पूरी संभावना है। मेडिकल कॉलेज 430 बैड का होगा। जिसमें 100 सीट एमबीबीएस डाक्टरों के लिए, 60 सीट नर्सिंग ट्रेड, 40 सीट फिजीयोथेरिपी, 40 सीट पेरा मैडिकल सीट के लिए रखी गई हैं। जिले में इस वर्ष ट्रांसपोर्ट नगर, कुरुक्षेत्र-यमुनानगर मार्ग के सिक्स लाइन बनाए जाने, ट्विन सिटी में पार्किंग स्थल बनाए जाने, नगर निगम का नया भवन बनाए जाने समेत कई बड़ी योजनाओं के पूरा होने की उम्मीद है।

### दो राज्यों को जोड़ने वाले पुल की मिलेगी सौगात

*यमुनानदी के नगली घाट पर 105 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे यूपी व हरियाणा को जोड़ने वाले करीब एक किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य करीब पूरा हो चुका है। इस पुल का शुभारंभ आने वाले मार्च में शुरु होने की उम्मीद जगी है। इस पुल के शुभारंभ होने से जहां हरियाणा के किसानों को अपनी यूपी सीमा स्थित कृषि भूमि में जाने के लिए आसानी होगी।*

### नए सेक्टरों के निर्माण की है उम्मीद

*ट्विन सिटी में वर्ष 2031 तक कुल 39 सेक्टर बनने हैं। यह सफर लंबा है। लेकिन इस साल में लोगों को कई नए सेक्टरों का तोहफा मिलने की उम्मीद है। सेक्टरों के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। उम्मीद की जा रही है कि नए सेक्टरों में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।*

### इनके बनने की भी है उम्मीद

*नए वर्ष 2024 में जिले को शादीपुर से करनाल तक के नए मार्ग के निर्माण की सौगात मिलने की संभावना बन गई है। इस मार्ग के लिए 26 करोड़ रुपये मंजूर हो चुके हैं और जल्द की निर्माण कार्य शुरु हो सकता है। वहीं, गांव अलाहर में 50 बिस्तरीय राजकीय अस्पताल और रादौर में सौ बिस्तरीय अस्पताल बनाए जाने की संभावना है। इसके अलावा यमुनानगर से वाया रादौर से करनाल रेलवे मार्ग के बनने की भी उम्मीद जगी है। वहीं, करोड़ों रुपये की लागत से यमुनानगर के हमीदा हैड से वाया करनाल से होते हुए दक्षिणी हरियाणा के लिए निकाली गई आवर्धन नहर के नव निर्माण का कार्य पूरा होने की पूरी संभावना है।*

# कांग्रेस की नीतियों से लोग हो रहे प्रभावित

- आक्रोश रैली लाडवा में रादौर विधायक डॉ. बीएल सैनी के नेतृत्व में सैंकड़ो कार्यकर्ताओं ने लिया भाग
- कांग्रेस विधायक डॉ. बीएल सैनी ने प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बनने का जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



**रादौर।** यमुनानगर के रादौर में लाडवा रैली में रवाना होने से पहले कार्यकर्ताओं के जत्थे के साथ पत्रकारों के साथ बातचीत करते विधायक डॉ. बीएल सैनी।

कांग्रेस की नीतियों से आज प्रदेश की जनता प्रभावित हो रही है। यही वजह है कि आए दिन कांग्रेस के साथ विभिन्न पार्टियां छोड़कर लोग जुड़ रहे हैं। उन्होंने रविवार को लाडवा में आयोजित आक्रोश रैली में भाग लेने के लिए सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रादौर से रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत कर उक्त दावा जताया।

विधायक डॉ. बीएल सैनी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में दो तिहाई से अधिक बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी। क्योंकि आज लोग भाजपा व जजपा की मिली जुली सरकार से परेशान हैं। महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। महिलाओं को अपनी इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है। आम आदमी को दाल रोटी के लाले पड़े हुए हैं और नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। सरकार व प्रशासन लोगों की बात सुनने को तैयार नहीं है। किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।

वहीं, गरीब लोगों को न्याय मिलना दूर की बात है, उन्हें फैमिली आईडी समेत अनेकों आइडिया बनाकर उनके चक्कर में उलझा कर रख रखा है। इसलिए आज हर वर्ग भाजपा व जजपा की मिली जुली सरकार से परेशान आ चुका है। आज लोग चुनाव की बाट देख रहे हैं कि कब चुनाव आए और कांग्रेस की सरकार देश व प्रदेश में लाकर दोबारा से पहले की तरह खुशी से अपना जीवन बिता सकें। नौजवानों को रोजगार मिल सके ।

# खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ी ग्रहण करें अच्छी डाइट

- ब्राइट फ्यूजर डिफेंस अकादमी द्वारा रादौर के स्टेडियम में खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों की बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



यमुनानगर के रादौर में ब्राइट फ्यूचर डिफेंस अकादमी द्वारा आयोजित बैठक में भाग लेने जाते हुए खिलाड़ियों के अभिभावक।

ब्राइट फ्यूचर डिफेंस अकादमी रादौर के तत्वावधान में कस्बा के स्टेडियम में खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अकादमी के कोच अमित चौहान ने की। बैठक में अभिभावकों को खेलों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई। अकादमी के कोच अमित चौहान ने खिलाड़ियों के अभिभावकों को समझाया कि वह खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपने बच्चों की डाइट पर ज्यादा ध्यान दें।

जिससे बच्चों के पोषण में कोई कमी न आए। उन्होंने बताया कि यदि खिलाड़ियों की डाइट सही होगी तो ही वे बेहतर प्रदर्शन कर देश, राज्य, जिले व शहर का नाम रोशन कर सकते हैं।

उनका उद्देश्य बच्चों को नशे से दूर रखकर खेलों के माध्यम से देश को नए खिलाड़ी देना रहेगा। उन्होंने युवाओं को नशा आदि बुराइयों को छोड़कर खेलों में भाग लेकर देश व प्रदेश और अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने के लिए आहवान किया।

# नि:शुल्क शिविर में की 504 लोगों के स्वास्थ्य व नेत्रों की जांच

- समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा रादौर की शिव मंदिर धर्मशाला में आयोजित करवाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविर में रजिस्ट्रेशन करवाते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

रादौर क्षेत्र के समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा कस्बा के शिव मंदिर धर्मशाला में 50वां नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन करवाया गया। जिसमें कस्बा समेत आसपास के 504 लोगों के स्वास्थ्य व नेत्रों की जांच की गई।

शिविर में चिकित्सकों द्वारा 504 लोगों के स्वास्थ्य व आंखों की जांच की गई। जिनमें 176 लोगों को नि:शुल्क चश्में व दवाइयां वितरित की गई। वहीं, 35 लोगों को आंखों के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनके ऑप्रेशन करवाए जाएंगे। मौके पर समाजसेवी संदीप गर्ग ने बताया कि अब तक उनकी ओर से 49 नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविर लगवाए जा चुके हैं। उनका उदेश्य है कि लोग समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर उपचार करवा सकें। गुरदयाल सिंह ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग रादौर हल्के की जनता के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

# पक्का घाट पर चलाया सफाई अभियान

- सफाई अभियान चलाकर क्लब के सदस्यों ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर स्थित यमुना के पक्का घाट पर साफ सफाई करते हुए रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में कस्बा की यमुना पर बने पक्के घाट पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। मौके पर क्लब के सदस्यों ने पक्का घाटन से कूड़ा कर्कट उठाया और साफ सफाई कर गंदगी को दूर स्थान पर डाला गया। अभियान का शुभारंभ क्लब के प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा ने किया।

क्लब के प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा ने बताया कि संस्था की ओर से हर महीने लोगों की आस्था का केंद्र रहे पक्का घाट की साफ सफाई करके वातावरण को स्वच्छ बनाया जाता है। ताकि लोगों की आस्था को ठेस ना पहुंचे। क्योंकि पक्का घाट के साथ लोगों की धार्मिक भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

लोग अपने धार्मिक व अन्य कार्यक्रमों को लेकर पक्का घाट पर पर पहुंच कर पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा सन 1834 में पक्का घाट बनाया गया था। जिसका धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्व है। हर त्यौहार पर स्थानीय लोग अपने धार्मिक अनुष्ठान के लिए पक्के घाट पर पहुंचते हैं। इस अवसर पर जसवंत सिंह, डॉ.एससी सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, सुनील माटिया, भारत माटिया, ब्रहम प्रकाश टंडन, संदीप सैनी, राजीव आर्य, मास्टर गुरचरण सिंह व जितेंद्र सिंह बिट्टू आदि मौजूद रहे।

### प्राणायाम करने से शरीर रहता है स्वस्थ: आचार्य

**यमुनानगर।** श्री वृंदा कल्याण सेवासमिति के तत्वावधान में रविवार को कैंप में नए वर्ष की पूर्व संध्या पर योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग शिक्षक गोपाल आचार्य ने बताया कि प्राणायाम करने से अनेक असाध्य रोगों से छुटकारा मिल जाता है और शरीर स्वस्थ रहता है। मौके पर उन्होंने योग साधकों को योग के महत्व की जानकारी दी। योग शिक्षक गोपाल आचार्य ने बताया नियमित दिनचर्या तथा प्राणायाम से पेट, दिमाग एवं हृदय संबंधी समस्त बीमारियों से बचा जा सकता है। योग एवं प्राणायाम करने से रक्तचाप एवं शुगर के रोगियों को बेहतर लाभ मिलता है। उन्होंने मौके पर योग साधकों को सूक्ष्म व्यायाम करवाया। उन्होंने योग साधकों को आसनों का भी अभ्यास करवाया। आचार्य ने बताया कि आज देश भर में कई संस्थाओं द्वारा लोगों को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास शिविरों का समय समय पर आयोजन कर उन्हें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# क्रांतिकारी कृष्ण बल्लभ सहाय का श्रद्धापूर्वक मनाया जन्मदिवस

- रादौर पार्क एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

रादौर पार्क एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को कस्बा में कार्यक्रम आयोजित कर क्रांतिकारी कृष्ण बल्लभ सहाय का जन्मदिवस श्रद्धा के साथ मनाया। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने क्रांतिकारी कृष्ण बल्लभ सहाय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

एसोसिएशन के प्रधान मास्टर देवीदयाल अरोड़ा ने बताया कि क्रांतिकारी कृष्ण बल्लभ का जन्म बिहार के पटना जिले में सेखपुर नामक गांव में 31 दिसंबर 1898 में हुआ था। वह एक मध्यवर्गीय कायस्थ परिवार के थे। कृष्ण बल्लभ सहाय ने पटना और हजारी बाग से अपनी शिक्षा ग्रहण की। जब वे कानून की शिक्षा प्राप्त कर रहे थे तो उन्होंने उसे छोड़ दिया। कृष्ण बल्लभ सहाय 1920 के असहयोग आन्दोलन में शामिल हो गए। सन 1923 में सहाय ने समाज पार्टी के मंत्री के रूप में बिहार विधान परिषद में प्रवेश किया। सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कृष्ण बल्लभ सहाय ने स्वामी सहजानंद द्वारा चलाए गए किसान आन्दोलन में सक्रिय रूप से सहयोग किया था। कृष्ण बल्लभ सहाय देश के सुप्रसिद्ध राष्ट्रभक्त एवं क्रांतिकारी थे। जो बाद में पहले बिहार के राजस्व मंत्री और फिर संयुक्त बिहार के मुख्यमंत्री भी बने। 1963 में वे बिहार के मुख्यमंत्री नियुक्त हुए। कृष्ण बल्लभ का निधन 3 जून 1974 को हजारीबाग झारखण्ड में हो गया।

**कार्यक्रम** | दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी नई अनाज मंडी में दिशा विषय पर आध्यात्मिक कार्यक्रम

# भौतिक धन छोड़कर प्रभु भक्ति धन का करें संग्रह: विश्वानंद

- आध्यात्मिक कार्यक्रम का नव वर्ष की पूर्व संध्या पर किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर





**यमुनानगर** । जगाधरी नई अनाज मंडी में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में प्रभु भक्ति धन की महिमा बताते स्वामी विश्वानंद व श्रवण करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जगाधरी की नई अनाज मंडी में दिशा विषय पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगल वंदना के साथ किया गया। आध्यात्मिक कार्यक्रम में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी विश्वानंद ने श्रद्धालुओं को प्रभु की भक्ति धन के महत्व की महिमा के बारे में बताया।

मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया गया। स्वामी विश्वानंद ने फरमाया कि यदि किसी ने प्रभु भक्ति धन को एकत्र किया है तो वह कभी भी कंगाल नहीं हो सकता। भौतिक धन को छोड़कर महात्मा बुद्ध ने भक्ति धन को एकत्र किया। मीराबाई जैसे अनेको भक्तों ने भौतिक धन को छोड़कर भक्ति धन को प्राप्त किया। उन्होंने फरमाया कि सांसारिक धन चोरी हो सकता है। मगर प्रभु की भक्ति का धन कभी ना तो समाप्त होता है और ना ही चोरी होता है। स्वामी विश्वानंद ने बताया कि यह शरीर एक पिंजरा है । जिसमें आत्मारूपी पंछी निवास करता है। जैसे पिंजरा टूटने पर पंछी उड़ जाता है ठीक वैसे ही मरने के उपरान्त इस शरीर में से आत्मा निकल जाती है। हमारे संतजन कहते हैं कि इंसान को एक दिन मरना है। उसे एक न एक दिन इस शरीर को छोड़ना ही पड़ता है। केवल एक आत्मा ही है जो कभी नहीं मरती। सारी समस्याओं की शुरुआत इसी धारणा से शुरू होती है कि इंसान समझता है कि वह केवल एक शरीर है। इसी गलत विश्वास को वह सारी उम्र बनाये रखता है। उन्होंने फरमाया कि हमारे संतजन इस शरीर की बहुत महिमा गाते हैं । यह जो शरीर है बहुत कीमती है । अगर परमात्मा को देखना है तो एकमात्र साधन वह मानव शरीर है । लेकिन आज इन्सान इस माया की दलदल में फंसकर ऐसे मौके को गंवाकर अपने भाग्य को दुर्भाग्य में बदलता जा रहा है। इस जीवन को सफल बनाने के लिए हमें जरुरत है पूर्ण संत के चरणों में जाकर नतमस्तक होने की। एक गुरु ही इंसान को इस माया के चक्कर से बाहर निकालने का रास्ता दिखा सकता है। गुरु की कृपा से मानव जो कि माया की निद्रा की आगोश में सो रहा है।

## खबर संक्षेप



### पुण्यतिथि पर बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

**कुरुक्षेत्र।** नंबरदार गुरप्रीत सिंह ने अपने पिता की दसवीं पुण्य तिथि के अवसर पर 110 बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की। गुरप्रीत सिंह अपने पिता की पुण्यतिथि इस अनूठे अंदाज में मनाने का फैसला कर विगत 9 वर्षों से बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करने तथा उनमें पढ़ने की रूचि जागृत करने के उद्देश्य से आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण करते आ रहें। उनके अनुसार उन्हें ऐसा कर आत्मिक शांति मिलती है। उन्होंने बताया कि उनके पिता का बच्चों से आत्मिक जुड़ाव रहता था।

### तीन विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट बना के दिखाई प्रतिभा

**कुरुक्षेत्र।** बढ़ते जल संकट की समस्या से बचने के साथ बिजली की बचत भी महज 250 रुपए में की जा सकती है। जी हां, ऐसा संभव है और इसे कर दिखाया है विश्वास स्कूल शाहाबाद के तीन विद्यार्थियों ने। 16 साल के गुरजोत सिंह, जय भसीन और भावेश शर्मा कक्षा 11वीं के विद्यार्थी है और इन होनहार छात्रों ने बिजली के साथ पेयजल को बचाने का एक अनूठा प्रोजेक्ट तैयार कर अपनी प्रतिभा का बखूबी नमूना पेश किया है। गुरजोत सिंह ने बताया कि वह अक्सर अपने घर सहित मोहल्ले में लोगों को पानी और बिजली को वेस्ट करते देखा है।

### श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर यज्ञ का आयोजन

थानेसर। आर्य समाज थानेसर में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें सुलेख आर्य ने ब्रह्मा के रूप में यज्ञ संपन्न कराया। सौरभ कंसल इस्माईलाबाद, मलकीत सिंह बारना और रतन सिंह,प्रधान आर्य समाज थानेसर सभी सहपत्नी यजमान बन वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुति डाली। स्वामी विधेह योगी ने अपने उद्बोधन में बताया कि किस प्रकार स्वामी दयानंद के प्रवचन से प्रभावित होकर मुंशी राम ,श्रद्धानंद बने।1912 में स्वामी श्रद्धानंद ने गुरुकुल कांगड़ी का निर्माण किया।

### जिलेवासियों के लिए उम्मीदों से भरा रहेगा नया साल

# 225 करोड़ से बनने वाले रेलवे एलिवेटेड ट्रैक की मिलेगी सौगात

**ये साल सबके लिए तरक्की व खुशहाली लेकर आया है, आपके उम्मीदों में पंख लगेंगे,हर क्षेत्र में विकास होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नया साल 2024 उम्मीदों से भरा रहेगा। ये साल सबके लिए तरक्की व खुशहाली लेकर आया है। आपके उम्मीदों में पंख लगेंगे। हर क्षेत्र में विकास होगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। शहर से लेकर गांव तक स्ट्रीट लाइट से रोशन होंगे। हर घर को फायदा होगा। वर्ष 2024 में शहरवासियों को रेलवे एलिवेटेड ट्रैक की सौगात मिल जाएगी। इस बजट से परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। इतना ही नहीं थानेसर शहर के पुराने रेलवे स्टेशन का भी नवनिर्माण कार्य किया जा रहा है। इस रेलवे स्टेशन को भी एलिवेटेड स्टेशन बनाया जाएगा। इस परियोजना के तहत अंडर ग्राउंड फाउंडेशन में 1296 पिलरों का निर्माण किया जाएगा। वर्ष 2016 में लोक निर्माण विभाग की तरफ से झांसा रोड रेलवे फाटक और पिहोवा रोड थर्ड गेट पर रेलवे ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव तैयार हुआ था। इन दोनों आरओबी बनने के बाद भी 3 रेलवे फाटक पर फिर से जाम की स्थिति रहती और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



कुरुक्षेत्र। निर्माणाधीन रेलवे एलिवेटेड ट्रैक। फोटो : हरिभूमि

**शहर के लोगों को 5 फाटकों से निजात मिलेगी**

सबसे बड़ी बात यह थी कि झांसा रोड पर और थर्ड गेट पर आरओबी बनने से शहर के दुकानदारों और व्यापारियों को सबसे ज्यादा नुकसान होता, उनके व्यवसाय पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है इस विषय को जहन में रखते हुए ही एलिवेटेड रेल ट्रैक बनाने की योजना पर काम किया, इसके लिए विशेषज्ञों से राय ली और चर्चा की तथा अनुमानित लागत का भी पता लगाया तो आश्चर्यजनक तथ्य सामने आए कि जितना बजट 2 आरओबी पर खर्च होना था और उतने ही बजट से एलिवेटेड रेल ट्रैक का प्रोजेक्ट पर लगना है। इसके बनने से शहर के लोगों को 5 फाटकों से निजात मिलेगी और शहर का सौन्दर्यीकरण भी होगा। यह शहर के लोगों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी।

**ट्रैक का 80 प्रतिशत कार्य हो चुका पूरा**

थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने एलिवेटेड रेल ट्रैक परियोजना के तहत 1296 फाउंडेशन पिलर बनाए जाने है। इस कार्य को लगभग पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा 450 बीम में से अधिकतम बीम बनाए जा चुके हैं। इस प्रकार कुल लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। इस प्रोजेक्ट को बनाने के लिए दिन रात काम किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट से लाखों लोगों को फायदा होगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर शहरवासियों को 5 फाटकों से निजात मिलेगी। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या समाप्त होने के साथ-साथ लोगों को आर्थिक रूप से भी फायदा होगा। इस प्रोजेक्ट का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। ये साल सबके लिए तरक्की व खुशहाली लेकर आया है। आपके उम्मीदों में पंख लगेंगे। हर क्षेत्र में विकास होगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

# एसएफ शालिनियों ने मनाया नया साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नए साल के हर्षोल्लासपूर्ण जश्न में यूएसएफ कुरुक्षेत्र से 50 समर्पित शालिनियां आनंद, चिंतन और दयालुता के कार्यों के साथ 2024 का स्वागत करने के लिए ब्रह्मसरोवर पर एकत्र हुई। सम्मानित मार्गदर्शक और संरक्षक डॉ. सुषमा शर्मा ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और आने वाले समृद्ध वर्ष के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। डॉ. शर्मा ने अपने प्रेरक शब्दों से शालिनी को बड़े सपने देखने और आने वाले वर्ष में अपने लक्ष्यों के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। माहौल उत्साह से भर गया क्योंकि प्रत्येक शालिनी ने 2023 की अपनी उपलब्धियों को सांझा किया, जिससे समूह के बीच उपलब्धि और सौहार्द की भावना को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम ने एक चिंतनशील मोड़ ले लिया क्योंकि शालिनी ने आत्म-सुधार और सामुदायिक भागीदारी के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपने नए साल के संकल्प व्यक्त किए। कई लोगों ने उदयन शालिनी फेलोशिप के हिस्से के रूप में अपने परिवर्तनकारी अनुभवों को भी सांझा किया, जिसमें उनके जीवन पर यूएसएफ के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। देने की भावना तब प्रबल हुई, जब शालिनी एक नेक काम में एकजुट हुईं, जरूरतमंद लोगों को कपड़े, मिठाइयां और आवश्यक वस्तुएं दान कीं। यह कार्यक्रम एकता, सशक्तिकरण और सांझा जिम्मेदारी के साथ संपन्न हुआ, जिसने 2023 में शालिनी की यात्रा के लिए एक आशाजनक माहौल तैयार किया।आज के इवेंट में आईटीवीटी ट्रेनर गीतांजलि, सॉफ्ट स्किल ट्रेनर सुगंधा तथा एपीसी पूजा की मुख्य भूमिका रही।

### लक्ष्य निर्धारण कर जीवन में आगे बढ़ें : देवीलाल

**कुरुक्षेत्र।** उमंग समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने कहा है कि हमे अपने लक्ष्य का निर्धारण कर आगे बढ़ना चाहिए। जब कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्य को समझ लेता है तो निश्चित रूप से ही वह अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल होता है। वे शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना में आयोजित एनएसएस शिविर के तीसरे दिन बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रहे थे। यहां पहुंचने पर शिविर के इंचार्ज राजबीर सिंह, शिक्षक शशीभूषण शास्त्री व यशपाल शर्मा ने मुख्यातिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान गांव की पंच व योग शिक्षिका मीनू चौधरी ने बच्चों को योग व मेडिटेशन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

# रक्तदान शिविर व मेगा हेल्थ चेकअप कैंप 2 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



स्वर्गीय संतोष रानी।

स्व. मेहरचंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी में 2 जनवरी 2024 को स्वर्गीय संतोष रानी की 76वीं वर्षगांठ को मातृछाया दिवस के रुप में मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर 18वा रक्तदान शिविर व 13वा मेगा हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जा रहा है। इस कैंप का शुभारम्भ हरियाणा के राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, जेल अधीक्षक सोमनाथ जगत, डीएमसी पंकज कुमार, सीटीएम हरप्रीत कौर, सीएमओं सुखबीर सिंह के कर कमलो से होगा। इस अवसर पर 500 जरूरतमंद महिलाओ को राशन भी वितरित किया जाएगा। स्वर्गीय मेहरचंद मेंहदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी के अध्यक्ष एवं समाज सेवी पंकज अरोड़ा व उपाध्यक्ष राजेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि स्वर्गीय संतोष रानी की 76वीं वर्षगांठ पर कुरुक्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. पवन बंसल बीएस हार्ट अस्पताल के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया जाएगा।

# जनसंपर्क कर जाना ग्रामीणों का हाल

- सुभाष कलसाना ने शाहबाद के गांव यारा और बुहावा में किया ग्रामीणों से जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना ने शाहबाद के गांव यारा और बुहावा में ग्रामीणों से मिलकर शाहबाद की खुशहाली हेतु जनसंपर्क अभियान शुरू किया। गांव यारा पहुंचने पर सरपंच शोभा शर्मा और उनके प्रतिनिधि प्रेमचंद फौजी ने सुभाष कलसाना व दीपक आनंद का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात ग्रामीणों से जनसंपर्क अभियान शुरू किया। उन्होंने लोगो से आग्रह किया कि हमे शाहबाद की खुशहाली के लिए नशा मुक्त - पर्यावरण युक्त अभियान में सहयोग करना चाहिए। आज शाहबाद के अंदर अनेको समस्याएं है आमजन को आगे आकर समस्या के समाधान हेतु सहयोग करना चाहिए। कलसाना ने कहा कि आमजन से मिलकर ही हम समस्याओ को जान सकते है बिना जनता के सहयोग के कुछ भी संभव नही है हम धरातल पर जाकर आमजन से संवाद करते है तो उनसे अवगत होते है। वही दीपक आनंद ने कहा कि देश की आस्था का केंद्र भगवान राम का मंदिर भी बन चुका है यह देशवासियों के लिए गौरव का विषय है लोगों में हर्षो उल्लास का वातावरण है।

# श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली का वार्षिक स्थापना मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली का 61वां वार्षिक स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के 61 वा स्थापना वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः कीर्तन और दोपहर 1 बजे प्रसाद वितरण हुआ। पुजारी पंडित राहुल मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना की गई। भक्त सुशील तलवाड़, सुरेन्द्र शर्मा, निशा अरोड़ा, पूजा कुकरेजा, शिमला धीमान,सुमित्रा पाहवा, अनु पाहवा आदि ने मां दुर्गा की भेंटे गाई। समस्त विश्व कल्याण हेतु नव वर्ष 2024 मंगलमय हो इसलिए 1 जनवरी 2024 को साईं संध्या सायं 3:30 बजे गायक लखबीर सिंह लक्खा व पार्टी द्वारा किया जाएगा। मंदिर के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 31 दिसम्बर 1963 को श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के संस्थापक स्वर्गीय पण्डित शेषमणि मिश्रा जी और स्वर्गीय भक्त बिशन लाल छाबड़ा ,स्वर्गीय सरदार राम किशन सिंह, स्वर्गीय भक्त मुंशी राम कंसल, स्वर्गीय भक्त गोपी राम कंसल,स्वर्गीय खान चन्द मदान आदि ने समस्त पिपली निवासियों के अथक प्रयासों द्वारा श्री दुर्गा देवी मंदिर पिपली को बनवाया था। सनातन धर्म में बताया गया कि घर में रहते हुए सुबह शाम को भगवान की आरती करनी चाहिए। जिस घर में आरती होती है वहां गृह कलेश नहीं होता और परिवार में सुख शांति समृद्धि होती है। दिव्य चेतनाओं की सकारात्मक ऊर्जा रहती है। नजर दोष नही होता। भगवान की अनन्त कृपा के लिए हार्दिक धन्यवाद आरती में होता है। सभी भक्तों ने संकल्प लिया कि हम घर में भगवान की आरती जरूर करेगें।



कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली का वार्षिक स्थापना दिवस समारोह में मौजूद मंदिर के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# पोस्टर मेकिंग की विजेता छात्राएं सम्मानित

- एनएसएस शिविर में छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



थानेसर। पोस्टर मेकिंग में भाग लेने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

थानेसर। देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में चल रहे एन.एस.एस. कैंप के पांचवें दिन की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने योगाभ्यास किया तथा स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। छात्राओं ने समाज को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, धूम्रपान की हानि, नशा मुक्ति, दहेज प्रथा व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों की सराहना करते हुए कहा कि अगर हम सब मिलकर समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझें तो समाज आगे बढ़ेगा तथा नवनिर्माण होगा। इसके बाद समाज में फैली बुराइयों को लेकर भाषण प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली स्वयंसेविकाओं ने अपने विचार रखे और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए अच्छे-अच्छे सुझाव भी दिए।

# सर्दी में हार्ट अटैक का खतरा अधिक बढ़ जाता : डॉ हिमांशु

- दिल के मरीज को तनावमुक्त रहना चाहिए तथा व्यायाम भी करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शिविर में मरीज का चेकअप करते डा. संजय शर्मा। फोटो : हरिभूमि

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीसपेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के द्वारा गांव उमरी में आयोजित निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। जिसमे डॉ हिमांशु जैन, ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन ने कहा कि हार्ट अटैक दिल की एक गंभीर बीमारी है। वैसे तो हार्ट अटैक किसी भी मौसम में हो सकता है। लेकिन सबसे ज्यादा हार्ट अटैक सर्दियों के मौसम में ही होता है। सर्दियों में हार्ट अटैक होने के बहुत से कारण हैं, जैसे- हवा, नमी, बैरोमीट्रिक दबाव, ठंड आदि। ठंडा मौसम इंसान के शरीर पर नकारात्मक असर डालता है जिसके कारण नर्वस सिस्टम की गतिविधियां काफी बढ़ जाती हैं। डॉ भूमिका खन्ना झाम्ब बी.डी.एस.डेंटल सर्जन ने भी रोगियों के दांतो का चैकअप किया व दांतो के रख रखाव के बारे में विस्तार से बताया गांव के सरपंच मीना देवी व समाजसेवी बसंत लाल ने गांव की तरफ से डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन, डॉ रूचि जैन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ संजय शर्मा बीएएमएस एवं एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस, डॉ नीरज झाम्ब एमडीएस ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जन, डॉ भूमिका खन्ना झाम्ब बी.डी.एस.डेंटल सर्जन, डॉ नितेश बी.ए.एम.एस.,डॉ शालू बी.ए.एम.एस.का फूल मालाओ से स्वागत किया। कैंप में 107 मरीजों का निशुल्क चैक अप, परामर्श, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन लेवल,हीमोग्लोबिन, पल्स रेट व ब्लड प्रेशर इत्यादि चैक किये गए। सभी रोगियों को फ्री में दवाइयां भी बाँटी गई। शिविर में समाजसेवी बसंत लाल, दीपिका एच.आर.अंजू, महक, बबिता लैब, फार्मासिस्ट हिमांशु गाबा, वंश सैनी आदि रहे।

### तनाव मुक्त जीवन के लिए हंसना बहुत जरूर

कुरुक्षेत्र। रोटरी क्लब द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। आर्य कन्या कॉलेज में आयोजित इस सम्मेलन में सिकरी फार्म्स के संस्थापक एवं एमडी कर्ण सिकरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

सिकरी फार्म्स की को-फाउंडर यशिका सिकरी विशेष तौर पर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी जिला जनपद पाल अरुण मोंगिया ने की। सम्मेलन में प्रसिद्ध हास्य कवि अरूण जैमिनी, चिराग जैन, कुशल कुशलेंद्र और मनीषा शुक्ला ने करीब ढाई घंटे तक अपने हास्य रस के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### रोटरी के हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने जमाए हंसी के रंग

# हंसने से शरीर को मिलती है नई ऊर्जा: संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहाबाद

आर्य कन्या महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा हास्य कवि सम्मेलन करवाया गया, जिसमें राज्य भर से प्रमुख हास्य कवियों ने प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मनोरंजन किया। कार्यकम की शुरूआत सीकरी फार्म्स - वर्मीकम्पोस्ट मैन्युफैक्चरर के फाउंडर कर्ण सीकरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करके की। कार्यक्रम में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमेन संदीप गर्ग वशिष्ठ अतिथि के रूप में पधारे, जबकि अध्यक्षता रोटरी जिला जनपद पाल अरुण मोंगिया ने की। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन आर के गर्ग और रोटरी अध्यक्ष आशुतोष गर्ग ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और उसके बाद दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन को शुरू किया गया। कवयित्री मनीषा शुक्ला ने मां दुर्गा की स्तुति से कार्यक्रम की शुरूआत की ओर उसके बाद प्रेम और रोमांस की कविताएं पेश की। तत्पश्चात कवि कौशल किशलेंदर, हरियाणवी कवि चिराग जैन ने अपनी कविताओं और व्यंग्य के जलवे बिखेरे। देर रात तक आर्य कन्या महाविद्यालय में श्रोताओं के ठहाकों की गूंज सुनाई देती रही। वशिष्ठ अतिथि संदीप गर्ग ने अपने संबोधन में सभी हास्य कवियों की तारीफ करते हुए कहा कि हंसी हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा अच्छा प्रभाव डालती है। जब हम हंसते हैं, हमारे दिल कुशी से धड़कता है और हमें अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जो श्रोता अपना कीमती समय निकालकर आए है, उन्हें किसी बात का मलाल नही होगा।




सम्मेलन में वशिष्ठ अतिथि संदीप गर्ग, मुख्या अतिथि करन सीकरी को सम्मानित करते रोटरी अध्यक्ष और सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके रोटरी सचिव दीपक कक्कड़, डॉ. दीपक शर्मा, राजीव कालड़ा, विष्णु भगवन गुप्ता, मनोज बंसल, डॉ अभिशेक ढींडसा, विक्रम गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, चन्दर प्रकाश, डॉ. आर एस घुम्मन, आर डी गुप्ता, संजय गर्ग, प्रितपाल सिंह ढिल्लो, महेश गोयल, एसएस आहूजा, चन्दर शेखर अरोड़ा , मदन गर्ग, हरमिंदर सिंह संधू, दीपक गांधी, जीतेन्दर सिंह, विजय कालड़ा और सतविंदर पाल सिंह गाबा प्रवेश शर्मा दीपक सिंगला अमरनाथ शर्मा चंद्र प्रकाश गुप्ता सहित रोटरी सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नये साल में बीजेपी-जेजेपी सरकार जाएगी और कांग्रेस सरकार आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। जन आक्रोश रैली में लोगों को संबोधित करते राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा।

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने नये साल में हरियाणा में होने वाले बदलाव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नये साल में बीजेपी-जेजेपी सरकार जाएगी और कांग्रेस सरकार आएगी। लाडवा में आयोजित जनआक्रोश रैली में उमडे.लोगों को संबोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में आज सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हो रहा है। 2019 के चुनाव में ही लोग बीजेपी को हटाना चाहते थे। लोग इस सरकार से दुखी थे इसलिए 14 में से 12 मंत्रियों को जनता ने हराकर घर भेज दिया। लेकिन जेजेपी ने अपने मतदाताओं से विश्वासघात कर बीजेपी की सरकार बनवा दी। 5 साल में न तो 5100 बुढ़ापा पेंशन मिली न फैक्ट्रियों में 75 प्रतिशत रिजर्वेशन मिला। भ्रष्टाचार की नींव पर बनी बीजेपी-जेजेपी सरकार का समझौता 5100 पेंशन देने का नहीं बल्कि अपने भ्रष्टाचार की फाईलें बंद कराने, महकमे बांटकर घोटाले करने का समझौता था। उन्होंने जेजेपी को चुनौती दी कि पिछली बार तो बीजेपी को जमनापार के नाम पर 10 सीट आ गयी थी लेकिन इस बार 1 सीट पर भी जमानत नहीं बचेगी। जनता अपने साथ हुए विश्वासघात का बदला वोट की चोट से लेगी।

